A052-20222023-001-1647592

संख्या-05/2023/08/52-1-2023-11(पी.एम.जे.वी.के.)/20

प्रेषक,

शकील अहमद सिद्दीकी,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण, उत्तर प्रदेश,
इन्दिरा भवन, लखनऊ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 05 जनवरी, 2023**

विषय- 17वीं इम्पावर्ड कमेटी की बैठक दिनांक 21.08.2019 में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पूर्ववर्ती एम0एस0डी0पी0) के अन्तर्गत जनपद सन्तकबीर नगर के विकास खण्ड बघौली में नर्सिंग कालेज के निर्माण की **प्रथम किश्त राज्यांश की 25 प्रतिशत अवशेष** धनराशि निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण के पत्र संख्या-3458/अ0सं0क0नि0/पी0एम0जे0वी0के0/धन मॉग-पत्र/2022-23 दिनांक 11.11.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विषयांकित परियोजना की समर्पित की गयी प्रथम किश्त राज्यांश की अवशेष धनराशि रू0 164.14 लाख निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-13/21/2019-एम0एस0डी0पी0-एम0ओ0एम0ए0, दिनांक 15.02.2019 के क्रम में जारी शासनादेश संख्या-37/2020/140/52-1-2020-11(पी0एम0जे0वी0के0)/20 दिनांक 20 मार्च, 2020 द्वारा प्रथम किश्त केन्द्रांश एवं उसके सापेक्ष राज्यांश की धनराशि सम्मिलित करते हुए रू0 575.161 लाख प्रथम किश्त के रूप 50 प्रतिशत **उत्तर प्रदेश वक्फ विकास निर्माण निगम लिमिटेड के** पक्ष में अवमुक्त की गयी, जिसमें से रू0 191.72 लाख शासन को समर्पित कर दी गयी। उक्त धनराशि में से रू0 27.578 लाख शासनादेश संख्या-66/2022/837/52-1-2022-11(पी0एम0जे0वी0के0)/20 दिनांक 12-09-2022 द्वारा अवमुक्त की जा चुकी है। इस प्रकार प्रथम किश्त की 25प्रतिशत देयता के आधार पर राज्यांश की धनराशि रू0 115.033 लाख के सापेक्ष शेष धनराशि रू0 (रू0 115.033-38.345-27.578) रू0 49.11 लाख अवमुक्त किया जाना प्रस्तावित है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश दिनांक 04.11.2022 एवं दिनांक 07.06.2022 में दिये गये निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद सन्तकबीर नगर के विकास खण्ड बघौली में नर्सिंग कालेज के निर्माण की प्रथम किश्त की 25 प्रतिशत देयता के आधार पर राज्यांश की धनराशि रू0 115.033 लाख के सापेक्ष शेष धनराशि रू0 (रू0 115.033-38.345-27.578) **रू0 49.11 लाख (रूपये उन्चास लाख ग्यारह हजार मात्र)** चालू

http://shasanadesh.up.gov.in

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लेखाशीर्षक-423502-800-8920 में प्राविधानित बजट रू0 200.00 लाख में से अवमुक्त कर आपके निवर्तन पर रखने व व्यय करने की राज्पालय महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(केन्द्रांश-60/राज्यांश-40) **(रू0 लाख में)**

क्र0	जनपद	योजना	इकाई	इकाई लागत	कुल अनुमोदित केन्द्रांश	कुल राज्यांश	पूर्व में अवमुक्त प्रथम किश्त (के0+रा0)	निदेशक द्वारा समर्पित की गयी धनराशि	अवमुक्त हेतु प्रस्तावित **प्रथम किश्त** की 25% अवशेष राज्यांश की धनराशि		कुल प्रस्तावित धनराशि (राज्यांश)
									केन्द्रांश	राज्यांश	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	सन्तकबीर नगर	विकास खण्ड बघौली में नर्सिंग कालेज का निर्माण	01	1150.32	690.19	460.13	575.161	191.72 (रू0 27.578 लाख निर्गत)	00.00	49.11	49.11
		योग	**01**				**575.161**	**191.72**	**00.00**	**49.11**	**49.11**

3- अवमुक्त धनराशि का उपभोग निम्नलिखित शर्तों-:प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा/

(1)- वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 07.06.2022, 04.11.2022 एवं 10.11.2022 में दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2)- प्रश्नगत राज्यांश की धनराशि के आहरण एवं व्यय के पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि तत्सम्बन्धी मैचिंग केन्दांश अवमुक्त है।

(3)- प्रश्नगत धनराशि के आहरण एवं व्यय के पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि पूर्व निर्गत किया गया राज्यांश कोषागार से आहरित नहीं किया गया है।

(4)- प्रश्नगत योजनान्तर्गत केन्द्रांश उपलब्ध है, यह सुनिश्चित किये जाने के उपरान्त ही धनराशि का कोषागार से आहरण किया जायेगा।

(5)- प्रश्नगत योजना पर राज्य सरकार एवं भारत सरकार के सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त है, यह सुनिश्चित किया जायेगा।

(6)- प्रश्नगत परियोजना हेतु स्वीकृत धनराशि के व्यय में वित्तीय नियमों का पालन किया जायेगा तथा केन्द्र सरकार द्वारा इस वित्त पोषित योजना के सम्बन्ध में लगाई गयी शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(7)- अवमुक्त धनराशि निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा **कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश वक्फ विकास निर्माण निगम लिमिटेड** को हस्तान्तरित की जायेगी। कार्य को अनुमोदित लागत से निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता एवं मानक के अनुसार पूर्ण किया जायेगा। समयसमय पर सम्पादित-कराये जा रहे निर्माण कार्यों की मानीटरिंग भी किया जायेगा। भविष्य में कोई भी पुनरीक्षित आंगणन किसी भी दशा में अनुमन्य नहीं होगा।

(8) प्रश्नगत धनराशि के आहरण एवं व्यय के दौरान योजना विषयक गाइड लाइन्स का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.gov.in

(9) यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रायोजना का सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य कराया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 की होगी।

(10) यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्ययोजना में सम्मिलित नही है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजनास्रोत से धनराशि स्वीकृत नही की गयी है।/

(11) वित्तीय स्वीकृति का आदेश बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

(12)कार्यदायी संस्था द्वारा आगणन में अनुमोदित सीमा तक ही सेंटेज चार्ज लिया जायेगा।

(13) आगणन में वर्णित लेबर सेस की कुल धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(14) परियोजना की लागत में टाइम ओवर रनकास्ट ओवर रन न हो। अतः इस संबंध/ में शासन द्वारा निर्गत दिशा निर्देश एवं बजट मैनुअल के प्रस्तर -212 में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(15) यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यो की गुणवत्ता उच्चकोटि की हो तथा समय-समय पर सम्पादित कराये जा रहे निर्माण कार्यो की मानीटरिंग भी किया जायेगा।

(16) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समयसमय पर शासन द्वारा - निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(17) प्रश्नगत स्वीकृति मानक के संबंध में उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर दी जा रही है, यदि मानक के संबंध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका उत्तरदायित्व निदेशालय का होगा।

(18) प्रश्नगत धनराशि के आहरण एवं व्यय के दौरान योजना से सम्बन्धित भारत सरकार की गाइडलाइन्स का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा ।

(19) केन्द्रपोषित योजनाओं के अन्तर्गत विगत वित्तीय वर्ष की अवशेष धनराशि के वर्तमान वित्तीय वर्ष में व्यय के सम्बन्ध में व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ऑफिस मेमोरेन्डम संख्या-I/(33)/PFMS/2022 दिनांक 20 मई, 2022 द्वारा निर्गत दिशानिर्देश का अनुपालन किया जायेगा।-

(20) योजनान्तर्गत बाटआउट्स आइटम्स की श्रेणी से आच्छादित कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था को कोई भी सेन्टेज चार्ज देय नहीं होगा ।

(21)- प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था को अवमुक्त की जाने वाली धनराशि को वित्त विभाग के शासनादेश **दिनांक 07.06.2022, 04.11.2022 एवं 10.11.2022** में उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा ।

(22)- कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण स्थल पर एक बोर्ड तैयार किया जायेगा, जिस पर योजना के स्वीकृत होने की तिथि, पूर्ण होने की तिथि, लागत, वित्त पोषण के स्रोत तथा लक्ष्य प्राप्त करने की तिथि आदि का अंकन किया जायेगा।

(23)- अनुदान ग्राही द्वारा योजनान्तर्गत अवमुक्त की जा रही धनराशि का एक पृथक खाता मेन्टेन किया जायेगा। अवमुक्त धनराशि पर यदि कार्यदायी संस्था द्वारा ब्याज अर्जित किया गया है तो उसकी वसूली निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा करके उसे राजकोष में जमा कराया जायेगा ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(24)- अवमुक्त धनराशि के व्यय के उपरान्त जिलाधिकारी से हस्तान्तरित उपभोग प्रमाणपत्र-, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तथा निर्माण कार्य के फोटोग्राफ्स की सूची की दोदो प्रतियां निदेशक-, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 को उपलब्ध करायी जायेंगी। तदोपरान्त निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित उपभोग प्रमाणपत्र व उक्त अन्य अभिलेख शासन को उपलब्ध- कराये जायेंगे।

(25) प्रश्नगत परियोजनाओं की अवमुक्त प्रथम किश्त सम्बन्धित शासनादेशों में उल्लिखित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आयव्ययक- के अनुदान संख्या-48 के लेखा शीर्षक-4235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण पर पूंजीगत परिव्यय-02-समाज कल्याण-800-अन्य व्यय-89-केन्द्र प्रायोजित योजनाओं का संगत राज्यांश-8920-**अल्पसंख्यक बाहुल्य जनपदों में मल्टी सेक्टोरल डिस्ट्रिक्ट प्लान के अन्तर्गत राजकीय नर्सिंग कालेज का निर्माण-24-वृहत निर्माण कार्य** के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय **संख्या–E-4-369-X-2022-23, दिनांक 04-01-2023** में प्राप्त सहमति से जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(शकील अहमद सिद्दीकी)

उप सचिव।

संख्या08(1)/बावन-1-2023-तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी उत्तर प्रदेश (, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार, (लेखा परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय उ (0प्र0, इलाहाबाद।
3. बजट अधिकारी, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार 11वां तल, पर्यावरण भवन, सी0जी0ओ0 काम्पलेक्स लोधी रोड, नई दिल्ली।
5. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत परियोजनाओं के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु अपने स्तर से भी सम्बन्धित अधिकारी को यथावश्यक निर्देश देने का कष्ट करें।
6. निजी सचिव, मा0मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज को मा0मंत्री जी के अवलोकनार्थ।
7. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग को अपर मुख्य सचिव महोदया के अवलोकनार्थ।
8. निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
9. प्रबन्ध निदेशक, **उत्तर प्रदेश वक्फ विकास निर्माण निगम लिमिटेड** को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत कार्य समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
10. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
11. जिलाधिकारीजिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/, **सन्तकबीरनगर**।

http://shasanadesh.up.gov.in

12. वित्त (आय-अनुभाग (व्ययक-1 को तीन स्वच्छ प्रति तथा वित्त-ई-4 को 01 प्रति।

13. लेखाधिकारीव/वेब अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त स्वीकृति अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

14.गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शकील अहमद सिद्दीकी)

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in